सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

प्रेस नोट- दिनांक 21.02.2026

- **इटावा पुलिस द्वारा मात्र 08 घंटे में पीडित के शत-प्रतिशत रुपये कराये वापस**
- **व्हाट्सएप्प पर प्राप्त ई-चालान नाम से एपीके फाइल डाउनलोड करने पर क्रेडिट कार्ड से कट गये थे 81,337/- रुपये।**
- **एसएसपी इटावा के निर्देशन मे साइबर सेल द्वारा की गयी कार्यवाही।**

जनपद इटावा में साइबर फ्रॉड की रोकथाम के सबंध में कार्यवाही करने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तथा क्षेत्राधिकारी नगर के मार्गदर्शन में साइबर सेल इटावा द्वारा साइबर फ्रॉड के माध्यम से निकाले गये पीडित के 81,337/- रुपये पर त्वरित कार्यवाही करते हुए सम्पूर्ण धनराशि वापस करायी गयी।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

प्रार्थी नितेन्द्र पाल निवासी छिपैटी थाना कोतवाली, जनपद-इटावा द्वारा अपने साथ दिनाक 21.02.2026 को स्वय के व्हाट्सएप्प पर अन्जान व्यक्ति द्वारा ई-चालान नाम से **एपीके** फाइल प्राप्त हुई जिसको आवेदक द्वारा डाउनलोड कर लिया गया। तदोपरान्त आवेदक का फोन हैक हो गया तथा उसके क्रेडिट कार्ड से 81,337/- रुपये कट गये। इस संबंध में पीड़ित द्वारा **राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (NCRP)** पोर्टल पर शिकायत दर्ज की गयी। जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा महोदय द्वारा साइबर सेल इटावा को घटना का संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल मार्गदर्शन में साइबर सेल द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए विभिन्न माध्यमों से साक्ष्य संकलन किये गये एव बैंक अधिकारी/पेमेण्ट गेटवे के नोडल अधिकारी इत्यादि से समन्वय स्थापित/वार्ता कर प्रार्थी के रुपये वापस करने का प्रयास किया गया जिसमें सफलता प्राप्त करते हुए **मात्र 08 घंटे के भीतर पीडित के 81,337 /- रुपये शतप्रतिशत वापस कराये गये है।**

अपने रूपये वापस पाकर पीडित द्वारा प्रसन्नता जाहिर करते हुए साइबर सेल टीम व इटावा पुलिस व एसएसपी इटावा की प्रशंसा की गई तथा साइबर सेल टीम का विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

पुलिस टीमः- प्रभारी साइबर सेल मय टीम।